हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, मंगलवार 2 जून 2026


तापमान

अधिकतम 36 .0 डिग्री
न्यूनतम 27 .0 डिग्री


12 इंडस स्कूल के शौर्य श्योकंद ने जेईई एडवांस परीक्षा में...





12 टिकाऊ कृषि पद्धतियों के प्रति जागरूक किया




## खबर संक्षेप

### बस की चपेट में आए युवक ने पीजीआई में तोड़ा दम

**कैथल।** किठाना में सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज दौरान मौत हो गई। राजौंद थाना पुलिस ने बस चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में नाथवान पट्टी किठाना निवासी दीपक ने बताया कि 26 मई को उसका भतीजा अजय बाइक पर घर जा रहा था। नायरा पेट्रोल पंप के पास कैथल की ओर से आ रहे चालक ने बस को तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते बाइक को टक्कर मार दी।

### दुकान से चोरी की आरोपी दूसरी महिला गिरफ्तार

**जींद।** जुलाना थाना पुलिस ने गांव हथवाला स्थित ज्वेलरी की दुकान से चोरी करने की आरोपित महिला राजस्थान के जिला अलवर के गांव फतेहपुरा निवासी माया को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित महिला के कब्जे से चांदी की पाजेब भी बरामद कर ली। जुलाना थाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि गांव हथवाला निवासी दीपक ने बताया था कि वह गांव में ही ज्वेलरी की दुकान चलाता है।

### झगड़े में व्यक्ति की मौत नौ लोगों पर मामला दर्ज

**जींद।** गांव थुआ में झगड़े के दौरान ईंट लगने से हुई मौत के मामले में अलेवा थाना पुलिस ने नौ लोगों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। सोमवार को पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव थुआ निवासी बलजीत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके भाई रामनिवास के मकान के सामने साधुराम ने रेती डाली हुई थी। रामनिवास ने साधु को रेती उठाने को कहा। जिसको लेकर आपस में कहासुनी हो गई।

### संदिग्ध हालात में दो युवतियां लापता, केस

**जींद।** जिले में दो युवतियों के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। भिवानी रोड निवासी व्यकित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 30 मई को उसकी बहन घर से गायब हो गई। उधर, पटेल नगर निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 29 मई को उसकी बेटी घर से गायब हो गई। दोनों अभिभावकों ने तलाशा की लेकिन कोई सुराग नही लगा।

### आठ माह पहले परिजनों के खिलाफ जाकर किया था प्रेम विवाह

# गांव बरहा खुर्द में फंदे पर लटकी मिली महिला

### हत्या कर शव को फंदे पर लटकाने का आरोप

**पति समेत चार पर दहेज-हत्या का मामला दर्ज**



जींद। नागरिक अस्पताल में मृतका के शव का पोस्टमार्टम करवाने आए परिजन व मृतका महक का फाइल फोटो।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

गांव बरहा खुर्द में संदिग्ध हालात में फांसी के फंदे पर लटकी मिली महिला के मामले मे सदर थाना पुलिस ने पति समेत चार लोगों पर दहेज हत्या का मामला दर्ज किया है। मृतका ने लगभग आठ माह पहले परिजनो के खिलाफ जाकर प्रेम विवाह किया था। सदर थाना पुलिस ने मृतका के शव का पोस्टमार्टम करा मायका पक्ष को सौंप दिया। सदर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव बराह खुर्द निवासी सनम की पत्नी महक (21) ने रविवार दोपहर को अपने कमरे में संदिग्ध हालात के चलते फांसी का फंदा लगा लिया। फंदा चुन्नी से बना कर पखे से लटकी हुई थी। घटना की सूचना पाकर सदर थाना पुलिस तथा मृतका मायका पक्ष मौके पर पहुंच गया और शव को कब्जे में ले नागरिक अस्पताल पहुंचा। मृतका के भाई पंचकूला निवासी अनिल ने बताया कि उसकी बहन महक बीए प्रथम वर्ष में पढ़ती थी। जिसे वहां पर जैमेटो में काम करने वाले गांव बराहखुर्द निवासी सनम ने अपने झांसे में ले लिया। उसकी बहन ने 22 सितंबर 2025 को सनम से प्रेम विवाह कर लिया। बाद में आरोपितों ने दहेज को लेकर उसकी बहन महक को परेशान करना शुरू कर दिया। जिसकी शिकायत पुलिस को भी दी गई थी। बाद में दोनों में समझौता हो गया था। गत दिवस उन्हें पुलिस के माध्यम से सूचना मिली कि महक फांसी के फंदे पर लटकी हुई है। मृतृका के भाई ने आरोप लगाया कि ससुरालीजन उसकी बहन पर दहेज को लेकर दबाव बना रहे थे। अक्सर उसकी बहन के साथ मारपीट की थी। जब वे मौके पर पहुंचे तो उसके कपड़े फटे हुए थे। शरीर पर चोट के निशान थे। उसने आरोप लगाया कि ससुरालीजनों ने उसकी बहन की हत्या का शव को फांसी के फंदे पर लटकाया है। सदर थाना पलिस ने मृतका के भाई अनिल की शिकायत पर पति सनम, जेठ मोहम्मद, जेठानी कलावती, ननंद नीलम के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### शव मायका पक्ष को सौंप दिया

सदर थाना के जांच अधिकारी नरेश कुमार ने बताया कि मृतका के भाई की शिकायत पर पति समेत चार लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। शव का पोसटमार्टम करा मायका पक्ष को सौंप दिया है।

# जल संरक्षण अभियान के तहत दर्जनों अवैध कनेक्शन काटे

- मौके पर लीकेज को ठीक किया गया, थमाए नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

जल संरक्षण अभियान के तहत जींद जिला में आज गांव जजवान सहित 10 गांव में जोरदार अभियान चलाया गया व दर्जनों अवैध कनेक्शन काटे गए। जानकारी देते हुए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार रणधीर मताना ने बताया कि सोमवार को गांव जाजवान में कनिष्ठ अभियंता संजीत कुमार की अगुवाई में जल संरक्षण अभियान चलाया गया। ब्लाक नरवाना में खंड समन्वयक सुरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में गांव खरल, उचाना में कुशल शर्मा की अध्यक्षता में गांव काब्रछा, जुलाना में सोमलता सैनी की अध्यक्षता में गांव जुलाना, पिल्लूखेड़ा में खंड सम्यक सुरेंद्र दुग्गल की अध्यक्षता में गांव ललित खेड़ा में जल संरक्षण अभियान चलाया गया। मताना ने बताया कि इस अभियान के तहत जाजवान में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की संयुक्त टीम ने पेयजल आपूर्ति चलवा कर घर-घर जाकर पेयजल के कनेक्शन चैक किए। इस मौके पर विभाग की टीम को कई कनेक्शन खुले मिले, जिससे पेयजल की बर्बादी हो रही थी। विभाग की टीम ने उन लोगों को नोटिस दिया और उन्हें समझाया ताकि वह अगले दो दिन में अपने नलों पर टेप लगवा लें। विभाग की टीम ने इसके बाद गांव ढांडाखेड़ी के लिए जा रही सप्लाई पर लगाए गए अवैध कनेक्शन भी चैक किए। अवैध कनैक्शन को कटवाया गया। विजिट के दौरान कई उपभोक्ताओं द्वारा पेयजल को खेती व सब्जी के लिए उपयोग किया जा रहा था।

### हर व्यक्ति को मिले 55 लीटर शुद्ध पेयजल

रणधीर मताना ने बताया कि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा जल संरक्षण अभियान चलाने का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में प्रत्येक व्यक्ति को मिले 55 लीटर शुद्ध पेयजल करवाना है। इसके लिए विभाग की संयुक्त टीम अभियान के तहत गांव में लीकेज को मौके पर ठीक करवा रही है और अस्वच्छ कनैक्शन को भी पानी की निकासी की नाली से बाहर किए जा रहे है ताकि सभी लोगों तक साफ व स्वच्छ पानी पहुंच सके।

## स्कूल में पार्टनर बनाने का झांसा देकर 4.62 लाख हड़पे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

- स्कूल संचालक के खिलाफ दर्ज किया धोखाधड़ी का मामला

स्कूल में पार्टनर बनाने तथा प्रिंसिपल बनाने का झांसा देकर चार लाख 62 हजार रुपये हड़पने पर शहर थाना पुलिस ने एक व्यकित के खिलाफ धोखाधड़ी, फर्जीवाड़े का सहारा लेने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हांसी रोड बिजली बोर्ड निवासी सुनीता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बीए, बीएड है। वर्ष 2023 में उसका संपर्क गांव लितानी निवासी सुनील से हुआ। सुनील ने बताया कि वह मर्दस गलौरी इंटरनेशल नाम से कैथल रोड पर स्कूल चलता है। वह उसको स्कूल में पार्टनर बनाने के साथ पिंरसिपल भी बनाना चाहता है। स्कूल सरकार से रजिस्ट्रड है। स्कूल मे पार्टनरशिप के लिए नौ लाख रुपये देने होंगे। प्रिंसिपल के तौर पर अलग से वेतन दिया जाएगा। आरोपित की बातों में आकर उसने स्कूल में जाना शुरू कर दिया। 28 मार्च को उसने तीन लाख रुपये उसने आरोपित को नगद दे दिए। जिस पर आरोपित ने कहा कि आपकी स्कूल मे पार्टनरशीप हो गई है। 22 अगस्त 2023 तक आरोपित उनसे नौ लाख रुपये ऐंठ चुका था। उसने एक साल तक स्कूल में प्रिंसिपल के पद पर कार्य किया। आरोपित ने उसको न तो कोई वेतन दिया और न ही स्कूल का कोई हिसाब किताब दिया। उसी दौरान उसे पता चला कि स्कूल ने रजिस्ट्रड है और न ही सरकार से मान्यता प्राप्त है।

## स्पा सेंटर पर छापेमारी: तीन लड़कियों सहित छह पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

पुलिस द्वारा सोमवार को कैथल के अंबाला रोड पर चल रहे क्रिस्टल सपा सेंटर पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान पुलिस ने वहां पर अलग-अलग कमरों से तीन लड़कियों सहित 6 को हिरासत में लिया गया। डीएसपी वीरभान ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि कैथल के कुछ सपा सेंटर व होटल में अनैतिक कार्य करवाया जा रहा है। सूचना के आधार पर टीम का गठन करते यहां पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान सपा सेंटर में हड़कंप मच गया युवक में युक्तियों वहां से भागने का प्रयास करते दिखाई दिए लेकिन पुलिस की टीम ने मौके से ही तीन लड़कियों तथा तीन लड़कों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया। छापेमार कार्यवाही के दौरान सड़क पर मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। जैसे ही सेंटर से लड़के में लड़कियों को नीचे लाया गया तो वह अपना मुंह छुपाते नजर आए।

### अनैतिक कार्य नहीं होने दिया जाएगा: डीएसपी

डीएसपी बीरभान ने बताया कि शहर में अनैतिक कार्य नहीं होने दिया जाएगा। कहा कि पुलिस हिरासत में लिए युवक तथा महिलाओं से पूछताछ करने में जुटी है कि उनको किसके द्वारा बुलाया था तथा इस गिरोह का सरगना कौन है। बताया कि संबंधित सपा संचालक के खिलाफ भी पुलिस द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कड़ी चेतावनी देते कहा कि यदि किसी भी स्पा केंद्र होटल में अनैतिक कार्य की सूचना मिलती है तो पुलिस उसके खिलाफ सख्ती से पेश आएगी।

### अब छात्र 15 जून तक कर सकेंगे आवेदन

**जींद।** महाविद्यालयों में यूजी कोर्स में 25 दिन तक चली आवेदन प्रक्रिया के बाद भी जिले के विभिन्न कालेजों में निर्धारित सीटों से कम आवेदन आए थे। इसको देखते हुए उच्चतर शिक्षा विभाग ने ऑनलाइन आवेदन के समय को बढ़ा दिया है। अब दाखिले के लिए इच्छुक विद्यार्थी 15 जून तक आवेदन कर सकेंगे। ऐसे में अब मेरिट लिस्ट के शेड्यूल में भी बदलाव होगा। पहले दस्तावेजों की जांच छह जून तक और पहली मेरिट लिस्ट 11 जून को जारी होनी थी। पहले जारी शेड्यूल में पहली मेरिट लिस्ट में स्थान पाने वाले विद्यार्थी 12 से 15 जून तक फीस जमा करवा सकते थे। इसके बाद दूसरी मेरिट लिस्ट 17 जून को जारी होनी थी। गौरतलब है कि कालेजों में यूजी कोर्स में 25 दिन तक चली आवेदन प्रक्रिया के बाद भी जिले के विभिन्न कालेजों में तय सीटों से कम आवेदन आए हैं। ऐसे में कालेज प्रबंधन उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा शेड्यूल में बदलाव को लेकर कयास लगा रहे हैं।

**डिप्टी स्पीकर ने किया कई बार दौरा, सीटों के लिए लगाई पूरी ताकत**

# हैबतपुर मेडिकल कॉलेज को मिली पचास एमबीबीएस सीटों की मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

जींद के लोगों के लिए खुशखबरी है। केंद्र सरकार ने जींद के गांव हैबतपुर स्थित संत शिरोमणि धन्ना भगत मेडिकल कॉलेज को 50 एमबीबीएस सीटों की मंजूरी दी है ताकि शैक्षणिक सत्र शुरू किया जा सके। कॉलेज का निर्माण अपने अंतिम चरण में है और हैंडओवर प्रक्रिया पूरी होने के बाद राज्य सरकार राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग से अनुमति लेकर दाखिले शुरू करेगी। ऐसे में उम्मीद जगी है कि जींद के लोगों को उपचार की बेहतरीन सुविधाएं मिलनी शुरू हो जाएंगी। हालांकि हैबतपुर गांव में संत शिरोमणि धन्ना भगत के नाम से मेडिकल कालेज जरूर शुरू हो गया है लेकिन केवल औपचारिकता के रूप में यहां ओपीडी ही शुरू हो पाई है। यहां फिलहाल कोई चिकित्सक नही है और डेपुटेशन से काम चलाया जा रहा है। नागरिक अस्पताल से ही चिकित्सक जाकर यहां ओपीडी करते हैं। गांव हैबतपुर के पास संत शिरोमणि धन्ना भगत राजकीय मेडिकल कालेज पिछले साल अक्टूबर महीने में ही शुरू हो चुका है। यहां पर फिलहाल ओपीडी शुरू की गई हैं। इसके अलावा यहां कोई सुविधा नहीं है। यहां पर ओपीडी के लिए भी चिकित्सक नागरिक अस्पताल से ही जाते हैं। यदि किसी मरीज को जांच करवाने की जरूरत पड़ती है तो उसे नागरिक अस्पताल में जांच एक्सरे, रक्त जांच के लिए भेजा जाता है। ऐसे में कहा जा सकता है कि मेडिकल कालेज फिलहाल औपचारिकता भी पूरी नहीं कर रहा है। डा. मिड्ढा लगातार मेडिकल कालेज के डायरेक्टर राजीव महेंद्रू के साथ मेडिकल कालेज की सुविधाओं को लेकर मंथन भी करते रहे। अब जाकर उनकी टीम के अथक प्रयासों से जींद मेडिकल कालेज को 50 सीटें एमबीबीएस की मिली हैं।

### बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी



हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि संत शिरोमणि धन्ना भगत मेडिकल कॉलेज को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 50 एमबीबीएस सीटों की मंजूरी दे दी है। इसी वर्ष संस्थान में शैक्षणिक सत्र शुरू किया जा सकेगा। इसके लिए वो स्वास्थ्य मंत्री आरती राव का धन्यवाद करते हैं। साथ ही उनके साथ टीम में शामिल रहे डायरेक्टर राजीव महेंद्रू ने भी इसके लिए अथक प्रयास किए। उनके पिता जींद के विधायक रहे स्व. डा. हरिचंद मिड्ढा का सपना था कि जींद के लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं के लिए बाहर न जाना पड़े। उनके पिता के सपने को साकार करने के लिए दिन-रात मेहनत की। अब उनके पिता का सपना साकार होने जा रहा है और जींद के लोगों को स्वास्थ्य की बेहतरीन स्वास्थ्य सेवांए मिलेंगी।



मनीषा कौशिक के सम्मान कार्यक्रम में पहुंचे विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

## लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए करें कड़ी मेहनत : देवेंद्र अत्री

- इसरो में रिसर्च ऑफिसर बनी मनीषा कौशिक का मामा के गांव में सम्मान

**उचाना।** इसरो में हरियाणा प्रदेश से एक मात्र रिसर्च ऑफिसर के पद पर चयनित हुई कसूहन गांव की भांजी मनीषा कौशिक का गांव में पहुंचने पर स्वागत किया। खटकड़ टोल से ग्रामीण, युवा मनीषा कौशिक को गांव तक लेकर आए। ग्रामीणों ने पगड़ी पहना, फूल मालाओं से स्वागत किया। माता के मंदिर के पास आयोजित सम्मान समारोह में विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री भी शामिल हुए। कार्यक्रम के बाद भंडारे का आयोजन किया। विधायक ने कहा कि मनीषा कौशिक ने प्रदेश के सम्मान को बढ़ाने का काम किया है। पानीपत की धरा से पीएम नरेंद्र मोदी ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया था। आज बेटी खेल, शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर माता-पिता, प्रदेश का नाम रोशन कर रही है। इसरो में रिसर्च ऑफिसर के पद पर चयनित हो मनीषा कौशिक ने नाम रोशन किया है। जीवन में कोई भी लक्ष्य दूर नहीं होता है। लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करें। जीवन में बड़े सपने देखना चाहिए जब तक वो सपने पूरे नहीं होते तब तक मेहनत जारी रखे। उन्होंने कहा कि जीवन में ये जरूरी नहीं होता की सफलता पहली बार में मिले। असफल हो तो निराश नहीं होना चाहिए बल्कि जो अगला कदम होता है क्या पता उसमें सफलता छिपी हो। जीवन में हमेशा सकारात्मक सोच रखते हुए आगे बढ़े। आज पढ़ाई के बूते पर बेटे, बेटी बड़े पदों पर नौकरी लग रहे है। ये गांव के लिए गर्व की बात है कि गांव की भांजी इसरो में रिसर्च ऑफिस बनने वाली हरियाणा की इकलौती बेटी है।




## खबर संक्षेप

### मैपिंग का कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश

जींद। जींद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं उप मंडल अधिकारी सत्यवान मान ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष 2002 एवं वर्ष 2024 की निर्वाचक नामावलियों की मैपिंग का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने सभी बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) एवं सुपरवाइजरों को निर्देश दिए हैं कि वे इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर लेते हुए एक सप्ताह के भीतर अधिकतम स्तर तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

### कार की चपेट में आने से दो युवक घायल

कैथल। धनौरी में बरटा रोड स्थित कलाशी पुल के पास तेज रफ्तार कार चालक की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। कैथल सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। धनौरी की लाखन पट्टी निवासी रिंकू ने बताया कि 26 मई की शाम साथी अकुश के साथ बाइक पर खेत से लौट रहा था। जब बरटा साधन टी-प्वाइंट के पास पहुंचे तो सामने से आ रही आई-20 कार ने अचानक वाहन मोड़ दिया।

### दादा खेड़ा से चांदी के तीन छत्र और आठ सिक्के चोरी

जींद। गांव पेगां के दादा खेड़ा मंडप से चोरों ने दिनदहाड़े चांदी के तीन छत्र तथा आठ सिक्के चोरी कर लिए। अलेवा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव पेगां दादा खेड़ा के महंत प्रेमदास ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह दादा खेड़ा की देखरेख करता है। दिन में वह कार्यवश कुछ समय के लिए बाहर चला गया। पीछे से कोई व्यक्ति दादा खेड़ा के मंडप से तीन चांदी के छत्र तथा आठ चांदी के सिक्के चोरी कर ले गया। चोरी की वारदात दादा खेड़ा में लगे सीसी टीवी कैमरे में कैद हो गई।

### एकमुश्त निपटान योजना व्यापारियों के लिए लाभदायक

जींद। उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त (डीईटीसी) विजेंद्र सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा व्यापारियों और उद्यमियों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से एकमुश्त निपटान योजना 2026 लागू की गई है। यह योजना एक जून से 28 सितंबर तक प्रभावी रहेगी। जिसके माध्यम से विभिन्न अधिनियमों के अंतर्गत लंबित कर बकाया मामलों का सरल एवं सुविधाजनक तरीके से निपटान किया जा सकेगा। डीईटीसी ने बताया कि वर्ष 2025 में लागू की एकमुश्त निपटान योजना को व्यापारियों का व्यापक समर्थन मिला था और हजारों व्यापारियों ने इसका लाभ उठाते पुराने कर विवादों का समाधान कराया था।

### समस्याएं सुनकर दिए समाधान के निर्देश

जींद। जुलाना एसडीएम होशियार सिंह ने सोमवार को कार्यालय में समाधान शिविर आयोजित कर क्षेत्र के ग्रामीणों एवं आमजन की समस्याएं सुनीं। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें एवं मांगें प्राप्त हुईं, जिनके त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। एसडीएम ने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का समयबद्ध-पारदर्शी समाधान सुनिश्चित करना है।

### साहित्य सेवी संगठन ने भार्गव को किया सम्मानित

उचाना। पिछले कई वर्षों से कला एवं संस्कृति क्षेत्र में अपने उत्कृष्ट हस्तलेखन द्वारा सराहनीय कार्य करने वाले सेक्टर आठ जींद निवासी भार्गव को साहित्य सेवी संगठन उचाना द्वारा सम्मानित किया गया। संगठन ने भार्गव को भारतीय कला एवं संस्कृति के गौरव को बढ़ाने के लिए किए जा रहे सराहनीय कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। भार्गव ने भी साहित्य सेवी संगठन उचाना को स्वामी विवेकानंद एवं स्वामी दयानंद की हस्तलिखित परिचय सहित फोटो भेंट की। भार्गव के उत्कृष्ट लेखन कार्य की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

### भाकियू ने गुलकनी में बनाया किसान बलिदान दिवस

# सभी राजनीतिक दल एक ही थैली के चट्टे-बट्टे : महेंद्र सिंह

## *तीन दिवसीय राष्ट्रीय चिंतन शिविर में पहुंचने का किया आह्वान*

**किसानी और परंपरागत धरोहर को बचाने का समय**


कार्यक्रम को संबोधित करते राकेश टिकैत के भतीजे भाकियू के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव टिकैत।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव गुलकनी में भारतीय किसान यूनियन व नौगामा खाप द्वारा किसान बलिदान दिवस मनाया गया। इसमें मुख्य रूप से राकेश टिकैत के भतीजे भाकियू के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव टिकैत, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामफल कंडेला व प्रदेश अध्यक्ष रतनमान ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता रमेश रेढ़ू ईगराह ने की। इस दौरान 26 जनवरी को ट्रैक्टर यात्रा के दौरान जान गंवाने वाले किसान रामराय निवासी भीरा की मूर्ति का अनावरण किया गया। इसके बाद गांव के राजकीय स्कूल में शोक सभा का आयोजन किया गया। इसमें भाकियू के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव टिकैत ने किसानों को हरिद्वार में 16 से 18 जून तक होने वाले तीन दिवसीय राष्ट्रीय चिंतन शिविर में पहुंचने का आह्वान किया गया। गौरव टिकैत ने कहा कि चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत कहा करते थे कि किसान राजनीतिक दलों के मोहताज नहीं रहने चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दल एक ही थैली के चट्टे-बट्टे हैं। उन्हें किसान हित से कोई लेना देना नहीं है। पास ही हांसी के चैनत गांव में किसान पानी के लिए आंदोलन कर रहा है। ग्रामीण पेयजल समस्या के लिए धरने पर बैठे हैं। इससे छोटी चीज कोई नहीं हो सकती। ये सरकारें पूंजीपतियों की हैं। साथ ही राजनीतिक दल भी पूंजीपतियों के इर्द-गिर्द घूमने लगे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय चितंन कार्यक्रम का आयोजन हरिद्वार में किया जा रहा है। हरियाणा की भागेदारी हमेशा किसान महाकुंभ में लगी रहती है। ऐसे में इस बार भी वे भारी संख्या में राष्ट्रीय चिंतन कार्यक्रम के लिए आमंत्रित हैं। उन्होंने कहा कि सामान्य किसान परिवार से न तो कोई आदमी विधायक बन सकता और न ही राजनीति में कोई उपलब्धि हासिल कर सकता। ऐसे में यह समय किसानी और परपरांत धरोहर को बचाने का समय है। उन्होंने कहा कि जब भी कोई ऐसा संघर्ष या समय आया तो जींद की धरती ने आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और हमेशा जीत हासिल की है। भाकियू के प्रदेश अध्यक्ष रतनमान ने कहा कि हिंदुस्तान पर जो हुकुमत अमेरिका करने जा रही है, उसके नुमाइंदे भारत में आ चुके हैं।

### ये रहे मौजूद

ऐसे में हम सभी को भारत-अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील का डटकर सामना करना पड़ेगा। ऐसे में सभी क्रांतिकारी साथियों को साथ लेकर वह संकल्प के रूप में यह कहना चाहेंगे कि किसान और मजदूर की लड़ाई को आगे बढ़ाएंगे। वहीं भाकियू के प्रेस प्रवक्ता रामराजी ढुल ने कहा कि 26 जनवरी को नौगामा के गांवों में ट्रैक्टर यात्रा निकाली जा रही थी तो उस दौरान 68 वर्षीय भीरा की ट्रैक्टर के नीचे आने से मौत हो गई थी। किसानों ने भीरा को शहीद किसान का दर्जा देते गुलकनी में प्रतिमा लगाने का फैसला लिया। गुलकनी गांव के किसान बलिदान स्मारक पर किसान आंदोलन के दौरान जान गंवाने वाले 13 किसानों की प्रतिमाएं लगी हैं। अब भीरा की प्रतिमा जुड़ गई है, जिससे संख्या बढ़कर 14 हो गई है। इस अवसर पर जिला सोनीपत प्रधान रविंद्र पहल, हिसार जिला प्रधान सतेंद्र कोथ, राजेंद्र पहलवान बीबीपुर, नौगामा खाप प्रधान जयबीर लोहान, प्रदीप घिमाना, उमेद जागलान, राममेहर नंबरदार गुलकनी, जयबीर ईक्कस भी मौजूद रहे।

# बिजली समस्या दूर करने की मांग

- गांव लिजवाना के ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



किसान छात्र एकता संगठन के नेतृत्व में लिजवाना गांव के किसानों ने सोमवार को एसडीएम को बिजली समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा। किसानों ने बताया कि गांव में लगे सभी ट्यूबवेल कनेक्शनों को पिछले एक साल से कभी भी निर्धारित आठ घंटे की बिजली नहीं मिल पा रही है। हर समय कोई न कोई फॉल्ट रहता है, जिसके कारण खेतों में सिंचाई ठप हो गई है। किसानों का कहना है कि पर्याप्त बिजली न मिलने से वैकल्पिक खेती की समय पर बिजाई नहीं हो पा रही है। जिससे उनकी फसलों पर बुरा असर पड़ रहा है। इसके अलावा पिछले 10 दिनों से तहसील कार्यालयों में किसान क्रेडिट कार्ड भी नहीं बनाए जा रहे हैं। किसान छात्र एकता संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुमित ने चेताया कि अगर एक सप्ताह के अंदर किसानों को आठ घंटे पर्याप्त बिजली उपलब्ध नहीं कराई गई तो वे एसडीओ कार्यालय का घेराव करेंगे। किसान नेता नरेंद्र ढांडा ने कहा कि वर्तमान समय में शासन व प्रशासन दोनों किसानों को परेशान करने पर तुला हुआ है। किसान पहले से ही महंगाई, बढ़ती लागत और प्राकृतिक आपदाओं से जूझ रहे हैं। अब बिजली और क्रेडिट कार्ड जैसी बुनियादी सुविधाएं भी नहीं मिल रही हैं। इस मौके पर जयपाल, कृष्ण, नरेंद्र, अशोक कुमार सहित अनेक किसान मौजूद रहे। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि बिजली विभाग को निर्देश दिए जाएं कि ट्यूबवेल लाइनों की नियमित मरम्मत की जाए और बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से सुनिश्चित की जाए।


जींद। शौर्य श्योकंद को मिठाई खिलाते इंडस स्कूल स्टाफ। फोटो :हरिभूमि

### इंडस स्कूल के शौर्य श्योकंद ने जेईई एडवांस परीक्षा में ऑल इंडिया में 895वां रैंक हासिल कर लहराया परचम

जींद। जेईई एडवांस 2026 का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। जिसमें इंडस पब्लिक स्कूल जींद के छात्र शौर्य श्योकंद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया में 895वां रैंक हासिल कर पूरे जिले में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। ऐसा जींद में पहली बार हुआ है। उपलब्धि ने एक बार फिर साबित कर दिया कि कड़ी मेहनत, अनुशासन, लगातार प्रयास और अध्यापकों का मार्गदर्शन सफलता की सबसे बड़ी कूंजी है। शौर्य श्योकंद ने बताया कि यह सब इंडस के स्टाफ की वजह से ही संभव हो पाया हे। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहीं से कोचिंग नही ली और केवल विद्यालय में जा कर ही तैयारी की है। मैं इस उपलब्धि का संपूर्ण श्रेय स्कूल के अध्यापकों को देता हूं। उन्होंने समय-समय पर सही मार्गदर्शन करके मुझे इस मुकाम पर पहुंचा दिया। जिसके चलते मेरा सपना पूरा हो पाया है। इंडस ग्रुप के निदेशक सुभाष श्योराण ने जेईई एडवांस परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले छात्र शौर्य श्योकंद उनके अभिभावकों एवं अध्यापकों को बधाई दी।

### बच्चों के अधिकारों के प्रति जागरूकता जरूरी : राजेश

जींद। निपुण हरियाणा मिशन के तहत अंतरराष्ट्रीय बाल रक्षा दिवस के अवसर पर बच्चों के अधिकारों, सुरक्षा और समग्र विकास को लेकर जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। पर जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ ने बच्चों के अधिकारों की रक्षा और उनके सुरक्षित भविष्य के महत्व पर प्रकाश डाला। राजेश ने बताया कि विश्व बाल रक्षा दिवस हर वर्ष एक जून को मनाया जाता है। दिवस का मुख्य उद्देश्य बच्चों के अधिकारों की रक्षा करना, बाल शोषण को रोकना तथा दुनिया भर के बच्चों के लिए सुरक्षित, स्वस्थ और शिक्षित वातावरण सुनिश्चित करना है। कहा कि बच्चे किसी भी राष्ट्र की सबसे अमूल्य धरोहर होते हैं व सर्वांगीण विकास में ही देश का उज्ज्वल भविष्य निहित है। कहा कि आज के समय में बच्चों को स्वास्थ्य सुविधाएं, उचित पोषण और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

### दायित्व ग्रहण समारोह संपन्न

नरवाना। भारत विकास परिषद केशव शाखा नरवाना द्वारा आयोजित परिवार मिलन एवं दायित्व ग्रहण समारोह हर्षोल्लास, गरिमा एवं पारिवारिक वातावरण के बीच संपन्न हुआ। शाखा सचिव नाथूराम गोयल व कोषाध्यक्ष अभिनव गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कुलदीप मोर द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया तथा वंदे मातरम के साथ समारोह की विधिवत शुरुआत हुई। शाखा अध्यक्ष प्रदीप गर्ग ने बताया कि शाखा संयोजक संपर्क शैलेंद्र मोहन एवं शालू गर्ग ने प्रभावशाली व आकर्षक मंच संचालन से पूरे कार्यक्रम को जीवंत बनाए रखा, जिसकी उपस्थित अतिथियों एवं सदस्यों ने भरपूर सराहना की। परिषद परिवार द्वारा प्रारंभ किए गए केशव रत्न अवॉर्ड से सतीश सेतिया, डॉ. महेंद्र जांगड़ा, संतोष जैन, सुनील छाबड़ा एवं शैलेंद्र मोहन को उनके उत्कृष्ट सामाजिक योगदान, सेवा भावना एवं परिषद के प्रति समर्पण के लिए सम्मानित किया।



जींद। केशव रत्न अवार्ड से सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि


जींद। मांगों को लेकर प्रदर्शन करते इनेलो कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

### महंगाई के खिलाफ इनेलो का प्रदर्शन

जींद। इनेलो कार्यकर्ताओं ने सोमवार को बढ़ती महंगाई के रोष स्वरूप सोमवार को प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने लघु सचिवालय पहुंच कर मांगों को लेकर ज्ञापन एसडीएम सत्यवान मान को सौंपा। प्रदर्शन से पहले कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए इनेलो जिलाध्यक्ष बिजेंद्र रेढ़ू, प्रदीप गिल ने कहा कि पिछले 15 दिनों में देश में लगातार डीजल, पेट्रोल, सीएनजी, एलपीजी की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि हुई है। जिसकी वजह से आम जनता का जीवन अस्त.-यस्त हो गया है तथा आम आदमी का जीवन जीना दूभर हो गया है। ईंधन की कीमतों में वृद्धि का सीधा प्रभाव केवल वाहन चलाने तक सीमित नहीं रहता बल्कि इसका असर रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं एवं सेवाओं की कीमतों पर भी पड़ता है।

### शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर जोर

जींद। आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एसडीएम सत्यवान मान और सीटीएम मोनिका रानी ने संयुक्त रूप से आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा उनके शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह संवेदनशील एवं प्रतिबद्ध है तथा प्रत्येक पात्र व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना प्रशासन की प्राथमिकता है।



जींद। समाधान शिविर में शिकायतें सुनते एसडीएम व सीटीएम।


नरवाना। समय कैम्प में स्कूल स्टाफ एवं बच्चे भाग लेते हुए।

### भारतीय भाषा समर कैंप का उद्घाटन

नरवाना। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेलरखां में भारतीय भाषा समर कैंप का उद्घाटन विद्यालय प्रधानाचार्य बलजीत गोयत ने किया। इस दौरान विद्यार्थियों को भारतीय भाषाओं के महत्व एवं उनकी सांस्कृतिक विरासत से अवगत कराया। प्रधानाचार्य बलजीत गोयत ने कहा कि भारतीय भाषाएं हमारी संस्कृति और पहचान की आधारशिला हैं। नई शिक्षा नीति में भी मातृभाषा एवं भारतीय भाषाओं को विशेष महत्व दिया गया है। ऐसे शिविर विद्यार्थियों में भाषा के प्रति रुचि बढ़ाने के साथ-साथ आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति क्षमता के विकास में सहायक सिद्ध होते हैं। उन्होंने बताया कि समर कैंप के दौरान विद्यार्थियों को हिंदी, संस्कृत तथा अन्य भारतीय भाषाओं की समृद्ध परंपरा, साहित्य, संस्कृति और लोक ज्ञान से परिचित कराया जाएगा।


जींद। ब्यूटी पार्लर के शुभारंभ पर प्रसाद वितरित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन

जींद। सेवा भारती नगर इकाई जींद द्वारा पटियाला चौक के संतोष पवन बंसल सेवा भारती कार्यालय में विधिवत रूप से ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया। सेवा भारती पहले से ही इसी केंद्र पर फिजियोथैरेपी सेंटर, लाइब्रेरी एवं सिलाई सेंटर चल रही है। नाम मात्र के शुल्क पर स्वास्थ्यए स्वावलंबन एवं सामाजिक प्रकल्प के अनुरूप कार्य किए जाते हैं। आज के इस उद्घाटन समारोह में मुख्यअतिथि के तौर पर जिला अध्यक्ष सुशील गुप्ता, नगर अध्यक्ष प्रमोद कुमार, सचिव बलजिंद्र सिंगला एवं महिला प्रकल्प प्रमुख सोनिया शर्मा तथा डा. प्रियंका एवं प्रकल्प इंचार्ज मंगत राम विशेष तौर पर उपस्थित रहे। प्रैस प्रवक्ता अशोक खर्ब ने बताया कि सेवा भारती द्वारा भिवानी रोड गौशाला में भी एक फिजियोथैरेपी सेंटर व छोटे बच्चों के लिए संस्कारशाला तथा सिलाई केंद्र चलाया जा रहा है।

# एबीवीपी ने ओएसडी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। ओएसडी को ज्ञापन सौंपते एबीवीपी पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जींद विवि इकाई ने चौधरी रणबीर सिंह विवि जींद द्वारा जारी किए गए एक विवादित प्रवेश नियम के विरोध में विवि प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने विवि के ओएसडी विजय कुमार को ज्ञापन सौंप कर 25 मई को जारी किए गए प्रोस्पेक्टस में शामिल छात्र विरोधी एवं शिक्षा विरोधी प्रावधान को तत्काल प्रभाव से वापस लेने की मांग की है। एबीवीपी विवि इकाई अध्यक्ष ने कहा कि विवि प्रशासन द्वारा जारी किए गए नए नियम के अनुसार जो छात्र पहले से ही विवि शिक्षण विभाग में दो स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रमों में नामांकित हो चुके हैं, चाहे उन्होंने उन कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूरा किया हो या बीच में छोड़ दिया हो, उन्हें भविष्य में किसी भी स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम में प्रवेश के लिए विचार नहीं किया जाएगा। इस नियम को पूरी तरह से अनुचित, भेदभावपूर्ण और छात्रों के शिक्षा के अधिकार पर सीधा हमला बताया। परिषद का कहना है कि उच्च शिक्षा प्राप्त करना प्रत्येक विद्यार्थी का अधिकार है और विश्वविद्यालय प्रशासन किसी भी छात्र को आगे पढ़ाई करने से नहीं रोक सकता। आज के प्रतिस्पर्धी दौर में विद्यार्थी अपनी योग्यता बढ़ाने, नए विषयों का अध्ययन करने तथा रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त करने के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेते हैं।


उचाना। समाधान शिविर में समस्याओं को सुनते एसडीएम रमित यादव।

### पेयजल समस्या के समाधान के निर्देश

उचाना। उपमंडल कार्यालय में लगे समाधान शिविर में समस्याओं के समाधान के लिए एसडीएम रमित यादव सख्त नजर आए। दो घंटे लगे समाधान शिविर में सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे। उचाना कलां के वार्ड नंबर 13 में पानी की सप्लाई में आ रहे गंदे पानी की शिकायत लेकर पहुंची महिलाओं की शिकायत पर संज्ञान लेते एसडीएम ने दो दिनों के अंदर समस्या के समाधान के निर्देश दिए। जन स्वास्थ्य विभाग, पंचायत विभाग संबंधित भी शिकायत लेकर आए लोगों की समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए गए। एसडीएम ने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार सोमवार, गुरूवार को दस बजे से लेकर 12 बजे तक समाधान शिविर लगाया जाता है। हर विभाग के अधिकारी, कर्मचारी पहुंचते है ताकि जिस भी विभाग से संबंधित समस्या हो उसका समाधान तुरंत प्रभाव से हो।

### रामकली से खेत बचाओ अभियान का शुभारंभ

# टिकाऊ कृषि पद्धतियों के प्रति जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। किसानों को जागरूक करते डा. धीरज। फोटो :हरिभूमि

कृषि विज्ञान केंद्र पांडु पिंडारा द्वारा देशव्यापी खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत रामकली में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह अभियान एक जून से पूरे भारत में प्रारंभ किया गया है। जिसका उद्देश्य किसानों को मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, संतुलित उर्वरक उपयोग, जैविक संसाधनों के महत्व तथा टिकाऊ कृषि पद्धतियों के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला विस्तार विशेषज्ञ (मृदा विज्ञान) डा. धीरज पंघाल ने किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में रासायनिक उर्वरकों के असंतुलित एवं अत्यधिक उपयोग तथा जैविक स्रोतों की उपेक्षा के कारण मृदा स्वास्थ्य निरंतर प्रभावित हो रहा है। उन्होंने किसानों को मृदा परीक्षण आधारित उर्वरक प्रयोग अपनाने की सलाह देते कहा कि बिना मृदा परीक्षण के उर्वरकों का प्रयोग न केवल उत्पादन लागत बढ़ाता है बल्कि भूमि की उर्वरता को भी कम करता है। डा. पंघाल ने किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोगए 4आर सिद्धांत सही स्रोत, सही मात्रा, सही समय एवं सही स्थानद्ध तथा मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बताया कि गोबर की खाद, कम्पोस्टए वर्मी कम्पोस्ट तथा अन्य जैविक पोषक स्रोतों के उपयोग से मिट्टी में कार्बनिक पदार्थों की मात्रा बढ़ती है। जिससे मिट्टी की जल धारण क्षमता, पोषक तत्व उपलब्धता व सूक्ष्मजीव गतिविधियां बेहतर होती हैं। उन्होंने किसानों को हरी खाद के महत्व से भी अवगत कराया और बताया कि ढैंचा जैसी हरी खाद वाली फसलों को खेत में मिलाने से मिट्टी में जैविक पदार्थ एवं नाइट्रोजन की मात्रा बढ़ती है। इससे रासायनिक उर्वरकों की आवश्यकता कम होती है, उत्पादन लागत घटती है तथा मृदा स्वास्थ्य में सुधार होता है। कहा कि खेतों की उत्पादकता को लंबे समय तक बनाए रखने के लिए हरी खाद, फसल अवशेष प्रबंधन, जैविक खादों के उपयोग तथा वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों को अपनाना आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान कृषि एवं किसान कल्याण विभाग से कृषि पर्यवेक्षक शुभम ने किसानों को विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।


जींद। नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण

जींद। हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जींद पूनम सुनेजा के निर्देश अनुसार मुख्य न्यायाधीश दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अमित सिहाग ने नशा मुक्ति केंद्र बियोंड केयर नरवाना रोड जींद का किया औचक निरीक्षण किया। प्राधिकरण सचिव ने नशे की परिभाषा से लेकर उसके प्रकार प्रतिबंध और चेतावनी युक्त नशों के बारे बताया और विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि भारत में वर्ष 1985 से एनडीपीएस एक्ट अर्थात नारकोटिक्स ड्रग्स एवं साइकॉट्रॉपिक सब्सटेंस एक्ट लागू किया गया है स इस अधिनियम के अंतर्गत होने वाले अपराध संज्ञेय और अजमातीय होते हैं, कठोर दंड के प्रावधान इसमें है। नशे को मनुष्यों के लिए घातक माना गया है। इस मौके पर नशा मुक्ति केंद्र में 9 उपचाराधीन व्यक्ति उपस्थित थे।

## केंद्र व प्रदेश सरकार महंगाई को रोकने में असफल : रामपाल माजरा

# इनेलो कार्यकर्ताओं ने महंगाई के खिलाफ किया मटका फोड़ प्रदर्शन

### प्रदेश सरकार को दी आर-पार की चेतावनी, कैथल से उठी हुंकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल


कैथल। महंगाई के विरोध में कैथल में मटका तोड़ प्रदर्शन करते इनेलो पदाधिकारी फोटो : हरिभूमि

बढ़ती महंगाई के खिलाफ इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) ने सोमवार को कैथल जिला मुख्यालय पर शक्ति प्रदर्शन करते हुए भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार हुंकार भरी। प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा के नेतृत्व में आयोजित महाविरोध प्रदर्शन में हजारों की संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता, किसान, मजदूर, महिलाएं और युवा शामिल हुए। भारी संख्या में प्रदर्शन में उमड़ी महिलाओं ने सरकार विरोधी नारे लगाते हुए पिहोवा चौक पर मटके फोड़े और महंगाई के खिलाफ अपना रोष प्रकट किया। इनेलो के इस विशाल प्रदर्शन ने साफ संकेत दे दिए हैं कि पार्टी महंगाई के मुद्दे को लेकर सरकार को घेरने की रणनीति पर तेजी से आगे बढ़ रही है। कैथल में उमड़ी भीड़ और सरकार के खिलाफ उठी आवाजें आने वाले दिनों में प्रदेश की राजनीति को और गर्मा सकती हैं। जवाहर पार्क से शुरू हुआ यह विशाल प्रदर्शन शहर की प्रमुख सडक़ों से होता हुआ पिहोवा चौक पहुंचा, जहां इनेलो कार्यकर्ताओं ने प्रतीकात्मक रूप से मटके फोडक़र सरकार की नीतियों के खिलाफ गुस्सा जाहिर किया। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने लघु सचिवालय तक रोष मार्च निकाला और प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा की अगुवाई में एसडीएम को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। कैथल में इनेलो के जोरदार प्रदर्शन में उमड़ी रिकार्ड तोड़ भीड़ को देखकर जनता के मुंह से बरबस ही निकल रहा था कि इनेलो ही जनता के हितों की लड़ाई लड़ रही है और उमड़ी भीड़ से साफ हो चुका है कि जनता इनेलो के साथ है। प्रदर्शनकारियों संबोधित करते हुए इनेलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। प्रदेश और देश में महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है, लेकिन सरकार इसे नियंत्रित करने में पूरी तरह विफल साबित हुई है।

#### ये रहे मौजूद

प्रदर्शन को अनिल तंवर क्योडक, एडवोकेट शशिभूषण वालिया, एडवोकेट संजीव माजरा, रामप्रकाश गोंगी, सतीश गर्ग, प्रवीण चौधरी, महिला जिलाध्यक्ष सीता रानी, मोनी बालू, बलकार बल्लू, इंद्र पाई, देवेंद्र पुजारी, सोनू वर्मा, सेलेंद्र प्रताप राणा आदि ने भी संबोधित किया। इस मौके पर वरिष्ठ इनेलो नेता जसमेर तितरम पप्पू, राजा राम माजरा पूर्व सरपंच,एडवोकेट शमशेर देबन, रामेश्वर पहलवान, अमन माजरा, सुरजीत पबनावा, महाबीर पट्टीअफगान, राममेहर खुराना सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

पैट्रोल, डीजल और रसोई गैस के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, वहीं रोजमर्रा की जरूरतों का सामान भी आम आदमी की पहुंच से बाहर होता जा रहा है। रामपाल माजरा ने कटाक्ष करते हुए कहा कि सरकार जनता को पेट्रोल-डीजल कम इस्तेमाल करने की सलाह देती है, जबकि खुद के नेता और मंत्री साइकिल यात्रा के नाम पर दिखावा करते हैं और पीछे गाडिय़ों के लंबे काफिले चलते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि लाखों रुपये की साइकिलें केवल फोटो खिंचवाने के लिए खरीदी गईं।

#### तेल कीमतों का किसानों पर सबसे ज्यादा मार

इनेलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने कहा कि डीजल की कीमतों में वृद्धि का सबसे अधिक असर किसानों पर पड़ा है। खेती की लागत लगातार बढ़ रही है क्योंकि ट्रैक्टर, ट्यूबवेल और अधिकांश कृषि उपकरण डीजल पर निर्भर हैं। खाद, बीज और बिजली की बढ़ती दरों ने किसानों की आर्थिक परेशानियों को और बढ़ा दिया है।

#### पीएम के नाम सौंपा ज्ञापन, रखीं ये प्रमुख मांगें

इनेलो द्वारा प्रधानमंत्री के नाम सौंपे गए ज्ञापन में मांग की गई कि पैट्रोल, डीजल, सीएनजी और एलपीजी गैस की कीमतों में तत्काल कमी की जाए। पैट्रोलियम उत्पादों पर लगाए गए करों में राहत दी जाए। आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जाए। किसानों और आम जनता को महंगाई से राहत देने के लिए विशेष योजनाएं लागू की जाएं।

# मई में पुलिस रही अपराधियों पर भारी

- विभिन्न 114 मामलों में 155 आरोपी गिरफ्तार
- 17 बेलजंपर और 18 पीओ तथा तीन मोस्ट वांटेड अपराधी भी किए गए काबू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

मई माह में पुलिस अपराधियों पर भारी रही। पुलिस ने शराब व मादक पदार्थ तस्करी, चोरी, लूट, सेंधमारी, अवैध असला रखने आदि के 114 मामलों में 155 आरोपी गिरफ्तार किए गए है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि मई माह दौरान विशेष तौर पर नशा तस्करों के खिलाफ अभियान चलाते हुए 24 मामले दर्ज करके 40 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से 86.895 किलोग्राम डोडा पोस्त, 22 किलोग्राम गांजा, एक किलो 214 ग्राम अफीम, 4 किलो 649 ग्राम चरस, 36.216 ग्राम हैरोइन तथा 6775 नशीली गोलियों सहित बड़ी मात्रा में लाखों रुपए मूल्य का नशीला पदार्थ बरामद किया गया। वहीं मई माह के दौरान शराब तस्करों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई करते हुए 35 मामलों में 34 आरोपी गिरफ्तार किए गए है, जिनके कब्जे से 628 बोतल देशी, 246 बोतल हथकढी शराब, 7 बोतल अंग्रेजी शराब तथा करीब 1900 लीटर लाहण बरामद हुआ।

प्रवक्ता ने बताया कि संपंती विरुद्ध अपराधियों पर शिकंजा कसते हुए 39 मामलों में 60 आरोपियों को काबू करके उनके कब्जे से 20 लाख 89 हजार रुपए मूल्य की चोरीशुदा जन संपत्ति बरामद की गई है। गत माह के दौरान अवैध असला अमुनेशन रखने वाले अपराधियों पर भी शिकंजा कसते हुए 8 मामलों में 8 आरोपियों को काबू करके 13 अवैध देसी पिस्तौल व 19 कारतूस बरामद किए गए। जुआ/सट्टा अधिनियम के 8 मामलो में 13 आरोपियों को काबू करके 1 लाख 58 हजार 750 रुपये बरामद किए गए। इसके अतिरिक्त मई माह दौरान पुलिस द्वारा 17 बेल जंपर व 18 पी.ओ. आरोपी तथा 3 मोस्ट वांटेड अपराधियों को भी काबू किया गया।

#### पुलिस का प्रथम दायित्व आमजन की जानमाल की सुरक्षा करना



एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने कहा कि पुलिस का प्रथम दायित्व आमजन की जानमाल की सुरक्षा करना है। जिला पुलिस अमन-चैन एवं कानून व्यवस्था कायम रखने के लिए अराजक अपराधियों, शराब, नशा व असला तस्करों के खिलाफ उच्च मनोबल के साथ कर्तव्य पालन कर रही है। किसी भी सूरत में कानून व्यवस्था को नहीं बीगड़ने दिया जाएगा। एसपी ने आमजन से भी अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना निर्भिकता से तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

# डीजल व तारकोल संकट से ठप पड़ रहे विकास कार्य, बल्क में डीजल पर रोक : विकास कंसल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पूंडरी

ऑल हरियाणा कॉन्ट्रैक्टर एसोसिएशन के पूर्व प्रधान विजय कंसल ने प्रदेश में सरकारी ठेकेदारों के सामने खड़े हो रहे डीजल और तारकोल संकट पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि मौजूद परिस्थितियों ने विकास कार्यों की रफ्तार को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। उन्होंने कहा कि एक तरफ विभागीय अधिकारी लगातार कार्यों को समय पर पूरा करने का दबाव बना रहे हैं, वहीं दूसरी ओर निर्माण कार्यों के लिए जरूरी संसाधनों की उपलब्धता लगातार मुश्किल होती जा रही है। उन्होंने बताया कि हाल ही में पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि डीजल की बिक्री केवल वाहनों में ही की जाए और बल्क में डीजल न दिया जाए। इसके चलते सरकारी ठेकेदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि उनकी अधिकांश मशीनरी निर्माण स्थलों पर संचालित होती है।

#### सड़क निर्माण व मरम्मत कार्य प्रभावित



विजय कंसल ने कहा कि पहले से ही युद्ध जैसे अंतरराष्ट्रीय हालातों के कारण तारकोल (बिटुमेन) की आपूर्ति प्रभावित है। रिफाइनरियां पर्याप्त मात्रा में तारकोल उपलब्ध नहीं करा पा रही है, जिससे सडक निर्माण और मरम्मत कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार पश्चिम एशिया में तनाव और आपूर्ति संबंधी चुनौतियों के कारण ईंधन और संबंधित उत्पादों की उपलब्धता पर असर पड़ा है।

## पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट में तीन गंभीर घायल

**कैथल।** जिले के गांव क्योड़क में पुरानी रंजिश के चलते एक परिवार पर घर में घुसकर हमला कर दिया। शिकायत पर कैथल सदर थाना पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव क्योड़क की धुम्मू पट्टी निवासी बलिंद्र कुमार ने बताया कि 31 मई की सुबह वह अपने परिवार के साथ घर पर मौजूद था। रणदीप, ईशु, गौरव, शीशपाल, बम्बू, नोनी और जतिन हथियारों से लैस होकर उसके घर पहुंचे। इनमें कुछ आरोपियों के हाथों में गंडासी और अन्य के हाथों में लाठी-डंडे थे। आरोपियों ने आते ही उस पर हमला कर दिया। बचाव के दौरान गंडासी का वार उसके बाएं हाथ पर लगा। इसके बाद जब उसके पिता मांगे राम और माता अंगूरी देवी बीच-बचाव के लिए आए तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कराया। आरोप है कि जाते समय आरोपी जान से मारने की धमकी भी देकर गए। घायलों को उपचार के लिए सिविल अस्पताल कैथल में भर्ती कराया गया। जांच अधिकारी एसआई शक्ति सिंह ने बताया कि मामले में सात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## एकमुश्त निपटान योजना- का लाभ उठाएं व्यापारी

**कैथल।** जिले के व्यापारियों व करदाताओं के लिए राहत भरी खबर है। हरियाणा सरकार द्वारा व्यापारियों एवं करदाताओं को पुराने कर विवादों और लंबित बकाया मामलों से राहत प्रदान करने के उद्देश्य से एकमुश्त निपटान योजना (ओटीएस)-2026 लागू की गई है। यह योजना 1 जून से 28 सितंबर 2026 तक प्रभावी रहेगी। जिले के सभी व्यापारी, उद्योगपति एवं करदाता इस विशेष योजना का अधिकतम लाभ उठाएं और अपने लंबित कर मामलों का समय रहते निपटान करवाएं। उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त (डीईटीसी) सीमा बिडलान ने बताया कि यह योजना व्यापारियों को वर्षों से लंबित कर मामलों का समाधान करने तथा ब्याज एवं जुर्माने के भारी बोझ से राहत पाने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती है।

## शिविर समस्याओं के त्वरित निवारण का सबसे सशक्त माध्यम : संजय

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल



डीसी अपराजिता के मार्गदर्शन में लघु सचिवालय स्थित सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें कैथल एसडीएम संजय कुमार ने आमजन की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उनके साथ सीटीएम कैप्टन प्रमेश कुमार व डीएसपी सुशील कुमार विशेष रूप से मौजूद रहे। एसडीएम ने कहा कि समाधान शिविर आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निवारण का सशक्त माध्यम है। सरकार का उद्देश्य नागरिकों को एक ही मंच पर विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों का समाधान उपलब्ध करवाना है। इसलिए अधिकारी प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लें तथा उसका प्राथमिकता के आधार पर निपटारा सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि शिकायतों के समाधान उपरांत पोर्टल पर गुणवत्तापूर्ण एक्शन टेकन रिपोर्ट (एटीआर) अपलोड करना सुनिश्चित करें, ताकि शिकायत का स्थायी समाधान हो और उसे दोबारा खोलने की आवश्यकता न पड़े।

## रानी अहिल्या बाई को समर्पित ऑनलाइन प्रांतीय कवि-गोष्ठी

**कैथल।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद् ,हरियाणा की जिला इकाई कैथल द्वारा मालवा की शासिका रानी अहिल्या बाई होल्कर की जयंती के उपलक्ष्य में ऑनलाइन प्रांतीय कवि-गोष्ठी का आयोजन किया गया।इस ऑनलाइन प्रांतीय कवि-गोष्ठी की अध्यक्षता परिषद् हरियाणा के प्रांत अध्यक्ष डा. मनोज भारत ने की जबकि परिषद् हरियाणा के प्रांत उपाध्यक्ष,वरिष्ठ साहित्यकार एवं अधिवक्ता रामधन शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।इस कवि-गोष्ठी का शुभारंभ कैथल इकाई के ज़िला महा मंत्री सतपाल पराशर आनन्द द्वारा गाये परिषद् गीत-भारती की लोक-मंगल साधना स्वीकार हो-के गायन से हुआ। इसके पश्चात कैथल इकाई के जिलाध्यक्ष डा. तेजिंद्र ने रानी अहिल्या बाई होल्कर के जीवन,शासन और व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।उन्होंने रानी अहिल्या बाई को प्रजा-हितकारिणी,सैन्य नायिका,वीरांगना, समाज-सुधारिका, न्याय-मूर्ति,ज्ञान-दीपिका और समृद्धि-दायिका बताया। डा. जगदीप शर्मा राही, सतपाल पराशर आनन्द ने अपनी रचना पढी। मुख्य अतिथि रामधन शर्मा एडवोकेट ने रानी अहिल्या बाई होल्कर के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रानी अहिल्या बाई होल्कर एक अद्वितीय शासिका थी।

## न्यूज डायरी



### 41 दिन की पंच धूनी तपस्या का समापन गांव में लगा भक्ति और उत्सव का माहौल

**राजौंद।** गांव खेड़ी सिम्बल वाली स्थित गोगा मैड़ी के प्रांगण में बाबा कपिल गिरी जी द्वारा पिछले 41 दिनों से चल रही पंच धूनी तपस्या का रविवार को समापन हो गया। बाबा कपिल गिरी 21 अप्रैल से यह तपस्या कर रहे थे, जो प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होती थी। बाबा कपिल गिरी ने बताया कि यह तपस्या 31 मई पूर्णमासी के दिन विधिवत रूप से सम्पन्न हुई। उन्होंने कहा कि इस तपस्या का मुख्य उद्देश्य गांव में सुख-शांति और समृद्धि की कामना करना था। इस धार्मिक आयोजन में पूरे गांव का सराहनीय सहयोग रहा और सभी ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।




### नशा नाश की जड़, इससे मुक्ति पाने के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति का होना आवश्यक : सरीता दीदी

**राजौंद।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस" के रूप में मनाया जाता है। वर्तमान समय में तंबाकू एवं अन्य नशों का बढ़ता प्रभाव विशेषकर युवाओं के स्वास्थ्य, मानसिक स्थिति और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए एक गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। इसी कड़ी में ब्रह्माकुमारीज राजौंद के सेवाकेंद्र द्वारा गांव कोटड़ा व खिजाना में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी भाई-बहनों ने तंबाकू तथा किसी भी प्रकार के नशे का सेवन न करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में असंध सेवाकेंद्र प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरिता दीदी ने मुख्य रूप से शिरकत की। उन्होंने कहा कि "नशा नाश की जड़ है" और इससे मुक्ति पाने के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति (विल पावर) आवश्यक है।

### पतंजलि पीठ में 15 दिवसीय सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर आज से : राम

**कैथल।** पतंजलि योग समिति कैथल की विशेष बैठक सोमवार को हुई। इसकी अध्यक्षता श्री खाटू श्याम एवं सालासर सेवा समिति के प्रधान मनोज सिंगला ने की। बैठक में मंगलवार सुबह शुरू होने वाले 15 दिवसीय सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर की तैयारियों का जायजा लिया गया। इसमें नगर पार्षद विजय गर्ग ने पहुंच कर पार्क की सफाई करवाई। होर्डिंग बैनर लगाए गए स्टेज लगवाई गई। मेट्स की व्यवस्था की गई। भारत स्वाभिमान प्रभारी राम चरण ने जानकारी दी कि शिविर में मुख्य अतिथि समाजसेवी सुरेश गर्ग नोच जी होंगे। इस अवसर पर मनोज सिंगला, चिराग बंसल, राजीव चौधरी, भीम सेन वधवा, सुभाष कंसल , प्रकाश बंसल वे पतंजलि योग समिति के कोषाध्यक्ष बदन सिंह आर्य, युवा भारत जिला प्रभारी अनिल गुप्ता, शहरी युवा प्रभारी अनिल आर्य , हरदीप व वीरभान कौशिक आदि उपस्थित रहे।

### किशोरी व युवती संदिग्ध हालातों में लापता

**कैथल।** कस्बा चीका और राजौंद थाना क्षेत्र से किशोरी व युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। पहले मामले में चीका के एक वार्ड की महिला ने चीका थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी 15 साल की नाबालिग बेटी 29 मई को दोपहर करीब 2:30 बजे घर से बिना बताए कहीं चली गई। परिजनों ने रिश्तेदारों और अन्य संभावित स्थानों पर तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। शिकायत के आधार पर थाना चीका पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच अधिकारी एसआई विकास ने बताया कि गुमशुदगी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरे मामले में एक गांव निवासी युवक ने राजौंद थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 21 साल की बहन जीएनएम प्रथम वर्ष की छात्रा है, रोजाना की तरह पढ़ाई के लिए गांव की लाइब्रेरी गई थी, लेकिन वापस घर नहीं लौटी। परिजनों ने उसके मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन फोन बंद मिला। उसके जाने के बाद घर से करीब 22 तोले सोना और 35 हजार रुपए नकद भी गायब मिले हैं। परिजनों ने आशंका जताई है कि किसी ने युवती को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाकर छिपा लिया है। जांच अधिकारी एसआई रवि ने बताया कि युवक के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कलायत के छात्र मनखुश ने जेइइ एडवांस में हासिल किया ऑल इंडिया 1000वां रैंक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल



कस्बे के प्रमुख शिक्षण संस्थान 'शिक्षा भारती विद्या निकेतन' के होनहार छात्र मनखुश ने देश की सबसे प्रतिष्ठित और कठिन मानी जाने वाली आईआईटी प्रवेश परीक्षा 'जेईई एडवांस्ड' में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। मनखुश ने अखिल भारतीय स्तर पर 1000वां रैंक प्राप्त कर न केवल अपने स्कूल, बल्कि अपने गांव कोलेखां, कलायत हल्के और पूरे कैथल जिले का नाम देश भर में रोशन किया है। इससे पहले मनखुश ने जेईई मेन्स परीक्षा में भी 97.988732 परसेंटाइल अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया था। विशेष बात यह है कि मनखुश की शुरुआती शिक्षा से लेकर इस मुकाम तक का सफर इसी विद्यालय में तय हुआ है। वे नर्सरी कक्षा से ही शिक्षा भारती विद्या निकेतन के नियमित छात्र रहे हैं। उनकी इस असाधारण सफलता का समाचार मिलते ही स्कूल प्रबंधन, शिक्षकों और सहपाठियों में खुशी की लहर दौड़ गई। मनखुश की यह सफलता आज के युवाओं के लिए एक बड़ी प्रेरणा है। उनके पिता देवी दयाल निवासी कोलेखां ने गर्व से बताया कि मनखुश केवल पढ़ाई में ही नहीं, बल्कि घर और खेतों के काम में भी उनका पूरा हाथ बंटाता है।

## योग साधकों और श्री खाटू श्याम एवं सालासर सेवा समिति ने की बंदरों की सेवा

**कैथल।** श्री खाटू श्याम एवं सालासर सेवा समिति द्वारा 88वि निःशुल्क बस यात्रा श्योंसर के गांव नौच स्थित जंगल के लिएरवाना की गई। मुख्य अतिथि भूपेश अग्रवाल एवं वशिष्ठ अतिथि अक्षरा गुप्ता पहुंचे, संस्था के पदाधिकारियों ने उनका यहां पहुंचने पर स्वागत किया, भूपेश अग्रवाल ने बताया कि ये संस्था बहुत ही सराहनीय कार्य कर रही है। इस यात्रा में समिति के सदस्य तथा पतंजलि योग समिति के लगभग 80 श्रद्धालु शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने जंगल में बंदरों को केले, ब्रेड, मक्की, लड्डू व फल आदि वितरित किए। पतंजलि योग के प्रधान राम चरण ने कहा कि ऐसी सेवा उन्होंने पहली बार देखी है। वे संस्था को बधाई देते हैं। अनिल गुप्ता, अनिल आर्य, प्रमोद शर्मा, आरपी यादव, नरेश पंवार ने बताया कि यह स्मरणीय पिकनिक रही। इसमें श्रद्धालुओं को जंगल का भ्रमण करने के साथ बंदरों की सेवा करने तथा प्राचीन मंदिर देखने का मौका मिला।


कैथल। श्योंसर जंगल में बंदरों को खाना खिलाते योग साधक व समिति के सदस्य।

## विधायक ने चिरंजीव कालोनी में गलियों का किया उद्घाटन

**कैथल।** युवा विधायक आदित्य सुरजेवाला ने कैथल के वार्ड 6 चिरंजीव कॉलोनी में जनता की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए नवनिर्मित गलियों का भव्य उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में स्थानीय वार्डवासियों की भारी भीड़ उमड़ी, जिसमें महिलाएं, युवा और बुजुर्ग सभी शामिल थे। विधायक आदित्य सुरजेवाला के आगमन पर लोगों ने फूलमालाएं पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर और जोरदार नारों के साथ स्वागत किया। वार्डवासियों ने उन्हें विकास कार्यों के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि आदित्य सुरजेवाला ने वादे नहीं, काम करके दिखाए हैं।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई जारी विकास कार्यों की गुणवत्ता से समझौता नहीं : जांबा

**पूंडरी।** पूंडरी के विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी लड़ाई निरंतर जारी रहेगी। कुछ लोगों को उनकी कार्यशैली भले ही पसंद न आती हो, लेकिन वे हलके में चल रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेंगे। विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता है। विधायक जांबा गांव फरल में सरपंच प्रतिनिधि साहब सिंह राणा द्वारा आयोजित मेमत पट्टी चौपाल में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। जांबा ने कहा कि गांव फरल उनके दिल के बेहद करीब है और यहां स्थित ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के प्रसिद्ध फल्गु तीर्थ को पर्यटन एवं विकास की दृष्टि से एक नई पहचान दिलाने के लिए वे हर संभव प्रयास कर रहे हैं। गांव में करोड़ों रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्य चल रहे हैं। इनमें प्रमुख रूप से गांव की पांच सड़कों को इंटरलॉकिंग कंक्रीट (आईसीसी) सड़क के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके अलावा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लगभग डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से फल्गु तीर्थ के सौंदर्यीकरण एवं नवीनीकरण का कार्य भी किया जा रहा है। गांव में गलियों, चौपालों, नालियों और पुलियों के निर्माण एवं मरम्मत के कार्य भी निरंतर जारी हैं।




**प्रक्रिया** विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 को लेकर राजनीतिक दलों के बीएलए को दिया प्रशिक्षण

# मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में बीएलए व आमजन निभाएं सक्रिय भूमिका : उपायुक्त

- 15 जून से शुरू होगा घर-घर सर्वे अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल


कैथल। बैठक में भाग लेते राजनीतिक दलों के बीएलए। फोटो : हरिभूमि

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार तथा डीसी अपराजिता के मार्गदर्शन में फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में सोमवार को राजनीतिक दलों के बीएलए को प्रशिक्षण दिया गया। इसमें बीएलए के दायित्वों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान करने के साथ-साथ इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान भी किया।

डीसी अपराजिता ने अपने संदेश में कहा कि मतदाता सूचियों को त्रुटि मुक्त एवं नवीनतम बनाने में बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान 15 जून से 14 जुलाई तक बीएलओ घर-घर जाकर सर्वेक्षण करेंगे। इस दौरान बीएलए अपने क्षेत्र में बीएलओ के साथ समन्वय स्थापित कर पात्र मतदाताओं के नाम सूची में शामिल करवाने, मृत अथवा स्थानांतरित व्यक्तियों के नामों की पहचान करने तथा मतदाता सूची में मौजूद त्रुटियों को दूर करवाने में सक्रिय सहयोग दें। साथ ही यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे तथा किसी अपात्र व्यक्ति का नाम सूची में शामिल न हो। प्रशिक्षण के दौरान चुनाव कानूनगो राजकुमार ने बताया कि 15 जून से 14 जुलाई तक घर-घर सर्वेक्षण किया जाएगा, जबकि 21 जुलाई को मतदाता सूचियों का प्रारंभिक प्रकाशन होगा। इसके बाद 20 अगस्त तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी और सभी प्रक्रियाएं पूरी होने के उपरांत 22 सितंबर 2026 को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुरूप बीएलए एक समय में निर्धारित संख्या में ही फॉर्म जमा कर सकेंगे और उन्हें पूरे अभियान के दौरान निर्वाचन अधिकारियों के साथ समन्वय बनाए रखना होगा। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि वे सर्वेक्षण के दौरान बीएलओ को सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराकर निर्वाचन प्रक्रिया को मजबूत बनाने में सहयोग दें।

## खबर संक्षेप

### कल 10वीं-12वीं के 45 खंड टॉपर होंगे सम्मानित

**कैथल।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा सत्र 2025-26 में शानदार प्रदर्शन करने वाले कैथल के 45 मेधावी विद्यार्थियों को 3 जून को सम्मानित किया जाएगा। जिला शिक्षा विभाग द्वारा पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाखौली अड्डा के हॉल में दोपहर 12 बजे सम्मान समारोह होगा। जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार ने आज इसके लिए कार्यालय में बैठक आयोजित की।

### शिविर में हिस्सा लेंगी एमडीएन की छात्राएं

**उचाना।** एमडीएन हाई स्कूल अलीपुरा की छात्राओं ने आर्य समाज द्वारा आयोजित छह दिवसीय आर्य कन्या शिक्षण एवं संस्कार शिविर हेतु कुरुक्षेत्र के लिए प्रस्थान किया। शिविर 1 जून से 6 जून तक चलेगा, जिसमें छात्राओं को वैदिक संस्कृति, नैतिक शिक्षा, योग, यज्ञ, अनुशासन, व्यक्तित्व विकास तथा राष्ट्रभक्ति का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। विद्यालय प्रबंधन ने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे शिविर बच्चों के सर्वांगीण विकास, आत्मविश्वास एवं संस्कार निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## एसडीएम व स्वास्थ्य अफसरों को दिए नियमित निरीक्षण के निर्देश

# सरकारी अस्पतालों में व्यवस्था बेहतर बनाने को प्रशासन सतर्क

**सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में साफ सफाई और चिकित्सा सुविधाओं को लेकर लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

जिले के सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में अब व्यवस्थाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी। हालांकि स्वास्थ्य विभाग ने पहले ही चिकित्सा अधिकारियों की डयूटी लगा दी है और प्रतिदिन रात्रि निरीक्षण के निर्देश दिए हैं। वहीं जिला प्रशासन ने स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने और मरीजों को सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए सख्त रुख अपनाया है। डीसी ने सभी एसडीएम और सिविल सर्जन को निर्देश जारी कर स्वास्थ्य संस्थानों का तय चेक लिस्ट के अनुसार नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करने को कहा गया है।



नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी डॉ. रघुवीर पूनिया।

यह निर्देश हरियाणा सरकार के स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं आयुष विभाग की ओर से जारी आदेशों के बाद दिए गए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले के तहत आने वाले सभी उप मंडल अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और अन्य सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में साफ.-सफाई और स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अस्पतालों की स्वच्छता, मरीजों को मिलने वाली सुविधाएं, कर्मचारियों का व्यवहारए दवा एवं प्रबंधन व्यवस्था, आयुष्मान भारत सेवाएं, प्रसूति एवं शिशु वार्डों की स्थिति, जांच सेवाएं तथा गर्मी के मौसम को लेकर तैयारियों की विशेष रूप से जांच की जाएगी। साथ ही अस्पताल परिसर, पार्किंग और कचरा निस्तारण व्यवस्था पर भी ध्यान दिया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डा. सुमिता मिश्रा द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि सरकारी अस्पतालों में आवश्यक सेवाओं और सुविधाओं को चौबीस घंटे सुचारु रखना जरूरी है। इसके लिए डीजीएचएस कार्यालय की ओर से विस्तृत चेक लिस्ट तैयार की गई है ताकि पूरे प्रदेश में एक समान मॉनिटरिंग सुनिश्चित हो सके।

निर्देशों के अनुसार निरीक्षण रिपोर्ट फोटो और मुख्य टिप्पणियों समेत स्वास्थ्य विभाग को भेजनी होगी। यदि निरीक्षण के दौरान किसी प्रकार की कमी पाई जाती है तो उसे दूर करने के लिए 10 दिनों के भीतर सुधारात्मक कार्रवाई करना अनिवार्य होगा। नियमित निरीक्षण और जवाबदेही तय होने से सरकारी अस्पतालों की कार्यप्रणाली में सुधार आएगा तथा मरीजों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

### बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाने के निर्देश

नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि जिला प्रशासन की तरफ से अस्पताल में 24 घंटे बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश मिले हैं। इनको लेकर काम शुरू कर दिया गया। पहले भी अस्पताल में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही थी। अब इनमें अधिक सुधार करवाया जाएगा।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर स्वास्थ्य विभाग ने की जागरूकता कार्यक्रमों की तैयारी

- आज लोगों को किया जाएगा गर्मी से होने वाली बीमारियों को लेकर जागरूक
- हीट स्ट्रेस की स्थिति को देखते हुए सभी स्वास्थ्य संस्थानों को विशेष तैयारी करने की जरूरत



जींद। नागरिक अस्पताल में ओपीडी स्लिप के लिए लगी लाइन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

दो जून हीट एक्शन डे और पांच जून विश्व पर्यावरण दिवस पर स्वासथ्य विभाग भी कदमताल करेगा। दो जून मंगलवार को अस्पताल में आने वाले मरीजों व उनके तिमारदारों को जहां अत्यधिक गर्मी से होने वाली बीमारियों व बचाव के उपाय बताए जाएंगे। वहीं पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसे लेकर नागरिक अस्पताल के जिला नोडल अधिकारी (आपदा प्रबंधन स्वास्थ्य विभाग) ने सभी स्वास्थ्य संस्थानों को दो जून को हीट एक्शन डे और पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर व्यापक जागरुकता एवं आवश्यक गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश जारी किए हैं। जारी पत्र में बताया गया है कि भारत सरकार एवं हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष दो जून को हीट एक्शन डे तथा पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। मुख्य उद्देश्य गर्मी से होने वाली बीमारियों की रोकथाम, जन स्वास्थ्य सुरक्षा तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना है। पत्र में स्पष्ट किया गया कि हीट स्ट्रेस की स्थिति को देखते हुए स्वास्थ्य संस्थानों को तैयारी करने की आवश्यकता है।

### यह है निर्देशों की प्रमुख बातें

1. गर्मी से बचाव संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना।
2. स्वास्थ्य केंद्रों में पेयजल तथा दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करना।
3. हीट संबंधित बीमारियों की पहचान एवं उपचार हेतु स्वास्थ्य कर्मियों को जागरूक करना।
4. गांवों, कस्बों और सामुदायिक स्तर पर जागरूकता रैलियां, पोस्टर एवं संदेश प्रसारित करना।
5. पौधरोपण एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित गतिविधियों का आयोजन करना।

### गर्मी से बचाव के लिए कर रहे सचेत : डॉ. भोला

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि यह पहल विशेष रूप से उन क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण है जहां गर्मी का प्रकोप अधिक रहता है। जिला प्रशासन की इस मुहिम से आम जनमानस को गर्मी से बचाव के उपायों, जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण की जानकारी मिल सकेगी। दो जून को हीट एक्शन डे और पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर निर्धारित गतिविधियां सुनिश्चित की गई हैं। जन स्वास्थ्य सुरक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है। सभी स्वास्थ्य अधिकारी इन गतिविधियों को सफल बनाने के लिए पूर्ण रूप से सहयोग करेंगे।

# जिला प्रशासन ने तबादला होने पर डीसी को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। डीसी को विदाई देते अधिकारी।

जिला प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा का तबादला होने के सम्मान में डीआरडीए के सभागार में गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में एसडीएम सत्यवान सिंह मान, नगराधीश मोनिका रानी, डीआरओ राजकुमार, डीडीपीओ संदीप भारद्वाज सहित राजस्व विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों ने भाग लेते हुए डीसी के कार्यकाल के दौरान किए गए उल्लेखनीय कार्यों, प्रशासनिक नेतृत्व तथा जनहित में दिए गए योगदान की सराहना की। इस अवसर पर एसडीएम सत्यवान सिंह मान ने कहा कि डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने अपने कार्यकाल के दौरान जिले में विकास कार्यों को नई गति प्रदान की तथा प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिताए जवाबदेही एवं संवेदनशीलता को प्राथमिकता दी। उन्होंने आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाया और जनता तथा प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने का कार्य किया। उनके नेतृत्व में विभिन्न विकास परियोजनाओं को सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया गयाए जिससे जिले को अनेक महत्वपूर्ण उपलब्धियां प्राप्त हुईं। नगराधीश मोनिका रानी ने कहा कि डीसी का कार्यकाल जनकल्याणए सुशासन और विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण रहा है। अपने संबोधन में डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने जिले में अपने कार्यकाल के दौरान मिले सहयोग के लिए सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जिला वासियों का आभार व्यक्त किया।

## रोहताश कश्यप बने महर्षि कश्यप जन कल्याण ट्रस्ट के प्रधान

**राजौंद।** स्थानीय महर्षि कश्यप धर्मशाला के प्रांगण में कश्यप समाज राजौंद की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महर्षि कश्यप जन कल्याण ट्रस्ट, राजौंद के अध्यक्ष रोहताश कश्यप ने की, जबकि संचालन ट्रस्ट के सचिव मास्टर राजकुमार कश्यप ने किया। बैठक के दौरान महर्षि कश्यप जन कल्याण ट्रस्ट, राजौंद का विस्तार करते हुए जोनी, गोपाल, रमेश, संदीप, मनोज, रवि, विनोद, सोनू, मन्नू, विजय, साहब, रामस्वरूप, रविन्द्र, कलट्टर, सुखदेव, राकेश, बलिंद्र, हर्षराज, सागर, अभिषेक, सुरेश, आनंद, धीरा, सुभाष, दीपक, अंकित व प्रदीप सहित अनेक लोगों को ट्रस्ट के सक्रिय सदस्य के रूप में चुना गया। गौरतलब है कि गत वर्ष ट्रस्ट का गठन किया गया था, जिसमें रोहताश कश्यप को अध्यक्ष, मास्टर राजकुमार को सचिव तथा मास्टर जोगिंदर को खजांची नियुक्त किया गया था। इसके अलावा सूखपाल, धर्मपाल, सुरेंद्र, विजय, विक्रम व प्रदीप को ट्रस्टी बनाया गया थाबैठक के दौरान सचिव मास्टर राजकुमार कश्यप ने नवनियुक्त सदस्यों को ट्रस्ट के संविधान, उद्देश्यों एवं अब तक की उपलब्धियों की जानकारी दी। सभी सदस्यों ने ट्रस्ट के नियमों व लक्ष्यों के अनुरूप कार्य करने का आश्वासन दिया।



राजौंद। बैठक में भाग लेते हुए समाज के लोग। फोटो :हरिभूमि

# अवकाश स्वयं को समझने का सबसे उत्तम समय : रविंद्र कुमार

- ग्रीष्मकालीन अवकाश में विद्यार्थियों को दिया प्रेरणादायक संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। पत्रकारों से बात करते हुए प्राचार्य रविंद्र कुमार।

मोतीलाल स्कूल के प्रिंसिपल रविंद्र कुमार ने कहा कि परीक्षाओं और पूरे शैक्षणिक सत्र की मेहनत के बाद अब ग्रीष्मकालीन अवकाश का समय आ गया है। अवकाश केवल आराम करने का अवसर नहीं होता बल्कि यह स्वयं को समझनेए नई ऊर्जा प्राप्त करने और अपने व्यक्तित्व को निखारने का सबसे उत्तम समय भी होता है। आप सभी ने पूरे वर्ष विद्यालय में परिश्रम किया हैए इसलिए यह आवश्यक है कि छुट्टियों का सदुपयोग करते हुए आप अपने स्वास्थ्यए अध्ययन और प्रतिभा तीनों पर समान रूप से ध्यान दें।

प्राचार्य रविंद्र कुमार ने कहा कि आजकल गर्मी अत्यधिक बढ़ रही है। ऐसे मौसम में हमें अपने स्वास्थ्य के प्रति विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। मैं सभी विद्यार्थियों से कहना चाहता हूं कि वे घर से बाहर कम निकलेंए तेज धूप से बचें और अधिक से अधिक समय सुरक्षित वातावरण में बिताएं। गर्मी के कारण शरीर में पानी की कमी हो सकती है। इसलिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीना, ताजे फल खाना तथा पौष्टिक भोजन लेना बहुत आवश्यक है। जंक फूड और ठंडी पेयों की बजाय घर का बना संतुलित भोजन आपके शरीर को स्वस्थ और ऊर्जावान बनाए रखेगा। प्राचार्य ने कहा कि समय का सही उपयोग जीवन में सफलता की पहली सीढ़ी होता है। यदि आप छुट्टियों में अनुशासन बनाए रखते हैं तो भविष्य में हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। सुबह जल्दी उठनाए योग और व्यायाम करनाए घर के छोटे-छोटे कार्यों में माता.पिता की सहायता करना तथा सकारात्मक सोच बनाए रखना ये सभी आदतें आपको एक अच्छा नागरिक बनने में सहायता करेंगी।

## पेगां की कार्यवाहक सरपंच बनीं कविता



**अलेवा।** पेगां गांव की सरपंच रतनी देवी के दूसरी बार निलंबन के बाद एसडीएम उचाना व उपायुक्त के निर्देशानुसार सोमवार को पेगां गांव की कार्यवाहक सरपंच का चुनाव कराने के लिए खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय अलेवा में गांव के पंचों की एक बैठक बुलाई गई। जिसमें खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी अलेवा जयपाल ने भाग लिया। लगभग घंटा भर चली बैठक के दौरान वार्ड नंबर चार से कविता को सर्वसम्मति से सरपंच बना दिया। बीडीपीओ अलेवा जयपाल ने बताया कि जींद डीसी ने पेगां गांव की सरपंच रतनी देवी को किन्ही कारणों से 19 मई को निलंबित किया था। एसडीएम उचाना व डीसी के निर्देशानुसार पेगां गांव के कुल 19 पंचों के बीच कार्यवाहक सरपंच का चुनाव कराया गया।

## गांवों में भी शहरों की तर्ज पर हो रहे विकास कार्य

# नायब सरकार में पूरी रफ्तार से घूम रहा विकास का पहिया : डॉ. मिड्ढा



जींद। समस्याएं सुनते डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा। फोटो : हरिभूमि

- डिप्टी स्पीकर ने जनता दरबार लगा सुनीं आमजन की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि नायब सरकार के कार्यकाल में जींद में विकास कार्यों को अभूतपूर्व गति मिली है। जिले में शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में समान रूप से विकास परियोजनाएं संचालित की जा रही हैं। जिससे आमजन को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। सरकार विकास के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा सोमवार को अपने आवास पर आयोजित जनता दरबार में क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। इस दौरान उन्होंने विभिन्न गांवों और शहर से आए नागरिकों की शिकायतों एवं मांगों को गंभीरता से सुना तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। कई समस्याओं का समाधान मौके पर ही कर दिया गया। जबकि शेष मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार अंत्योदय की भावना के साथ कार्य कर रही है। सरकार का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े पात्र व्यक्ति तक पहुंचे। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए विभिन्न योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है।

### विकास होता रहेगा

डा. मिड्ढा ने सभी को आश्वस्त किया कि जनहित से जुड़े प्रत्येक मुद्दे पर गंभीरता से कार्य किया जाएगा और विकास कार्यों की गति निरंतर बनाए रखी जाएगी। इस मौके पर विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति छात्रों के लिए उम्मीद की किरण



पूंडरी। नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना का प्रचार प्रसार करते प्रभारी रविन्द्र धीमान व अन्य। फोटो : हरिभूमि

**पूंडरी।** सांसद नवीन जिन्दल की प्रेरणा व मार्गदर्शन में संचालित नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना के प्रचार-प्रसार एवं विस्तार को लेकर पुंडरी के मार्केट कमेटी कार्यालय में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य लोगों को योजना की पात्रता, उद्देश्य एवं लाभों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना के बारे में बताते हुए सांसद नवीन जिन्दल के कैथल कार्यालय प्रभारी रविन्द्र धीमान ने कहा कि इस छात्रवृत्ति योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना है, ताकि आर्थिक अभाव किसी भी छात्र की शिक्षा में बाधा न बन सके। उन्होंने उपस्थित लोगों से आग्रह किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में ऐसे मेधावी एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों की पहचान करें और उन्हें इस योजना से जोड़ने में सहयोग करें, जिससे कोई भी प्रतिभा संसाधनों के अभाव में पीछे न रह जाए। इस अवसर पर ने सांसद नवीन जिन्दल का आभार व्यक्त करते हुए सुभाष हजवाना चेयरमैन मार्केट कमेटी पुंडरी ने कहा कि नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना शिक्षा के क्षेत्र में एक सराहनीय एवं दूरदर्शी पहल है। उन्होंने कहा कि यह योजना उन विद्यार्थियों के लिए आशा की नई किरण बनकर उभरी है, जो प्रतिभाशाली होने के बावजूद आर्थिक कठिनाइयों के कारण अपने सपनों को पूरा नहीं कर पाते।

# जरूरतमंदों को नारायण सेवा संस्थान ने निःशुल्क दिए सहायक उपकरण

- कहा- समाज के कमजोर, जरूरतमंद एवं दिव्यांग वर्ग की सहायता करना हम सभी का नैतिक दायित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। दया गुप्ता मानव मंदिर नारायण सेवा केंद्र कैथल में विचार-विमर्श करते संस्थान के पदाधिकारी व सदस्य। फोटो : हरिभूमि

नारायण सेवा संस्थान शाखा कैथल की मासिक बैठक का आयोजन दया गुप्ता मानव मंदिर नारायण सेवा केंद्र कैथल में श्रद्धा, सेवा भावना एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ। बैठक का शुभारंभ शाखा सचिव डॉ. नरेश गर्ग द्वारा किया गया। उन्होंने संस्थान के उद्देश्य एवं सेवा कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज के कमजोर, जरूरतमंद एवं दिव्यांग वर्ग की सहायता करना हम सभी का नैतिक दायित्व है। संस्थान इसी उद्देश्य को लेकर निरंतर सेवा कार्यों में जुटा हुआ है।

बैठक के दौरान संस्थान की ओर से समाज सेवा के अंतर्गत 6 जरूरतमंद व्यक्तियों को निःशुल्क कान की मशीनें प्रदान की गईं, जिससे उन्हें सुनने में होने वाली कठिनाइयों से राहत मिल सकेगी। इसके अतिरिक्त एक बुजुर्ग महिला को व्हीलचेयर तथा एक दिव्यांग व्यक्ति को बैसाखी भेंट की गई। सहायक उपकरण प्राप्त करने वाले लाभार्थियों एवं उनके परिजनों ने नारायण सेवा संस्थान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे सेवा कार्य जरूरतमंद लोगों के जीवन में नई आशा और आत्मविश्वास का संचार करते हैं।

राष्ट्रीय शाखा प्रमुख डॉ. विवेक गर्ग ने नारायण सेवा केंद्र कैथल में संचालित विभिन्न सेवा प्रकल्पों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केंद्र में कंप्यूटर प्रशिक्षण, दिव्यांग सहायता, स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम, शिक्षा सहयोग, पुनर्वास गतिविधियां तथा अन्य कई जनकल्याणकारी सेवाएं निरंतर संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि नारायण सेवा संस्थान का लक्ष्य केवल सहायता प्रदान करना ही नहीं, बल्कि जरूरतमंद व्यक्तियों को आत्मनिर्भर बनाना भी है।



जींद। बस अड्डा में शुरू हुई कैंटीन। फोटो :हरिभूमि

## बस अड्डा परिसर में पिछले तीन साल से खाली पड़ी कैंटीन हुई शुरू

**जींद।** बस अड्डा परिसर में पिछले लगभग तीन साल से खाली पड़ी कैंटीन सोमवार को शुरू हो गई है। यहां यात्रियों के लिए जलेबी, ब्रेड, समोसा सहित अन्य खाने-पीने के व्यंजन मिल रहे हैं। इससे यात्रियों को राहत मिली है। बड़ी कैंटीन का मासिक किराया एक लाख 90 हजार रुपये और साथ में 18 प्रतिशत जीएसटी रहेगा। कैंटीन एक जून से शुरू हुई है। जिसका अनुबंध 31 मार्च 2028 तक रहेगा। ऐसे में यात्रियों को खाने-पीने के लिए चीजें मिल पाएंगी। कैंटीन लंबे समय से खाली होने के कारण सर्दियों में रैन बसैरा तो गर्मियों में हैप्पी कार्ड रखने के लिए प्रयोग किया जा रहा था। 21 मई को कैंटीन के लिए बस स्टैंड परिसर में बोली हुई थी। इस समय जींद नए बस स्टैंड की दुकानों में से एक में एटीएम, एक में सैलून, एक जूस कार्नर, एक दुकान में बेबी फीड सेंटर चल रहा है। गौरतलब है कि पांडू पिंडारा में 32 करोड़ रुपये की लागत से नए बस स्टैंड का निर्माण करवाया गया है। नए बस स्टैंड के प्रथम तल पर महाप्रबंधक कार्यालय, चालकों व परिचालकों के लिए डोर मैटरी जैसी सुविधाएं दी गई हैं। जबकि भूतल पर संस्थान प्रबंधक कार्यालयए पूछताछ कार्यालयए सहित 17 दुकान बनाई गई हैं। वहीं पुरानी वर्कशाप में केवल एक ही बड़ी कैंटीन थी, जहां यात्रियों के लिए खाने-पीने का सामान मिल जाता था लेकिन बस स्टैंड पर यात्रियों के लिए दो बड़ी कैंटीन बनाई गई हैं। जिसमें से बड़ी कैंटीन खाली पड़ी थीए जो अब किराए पर चढ़ गई है। हालांकि बस स्टैंड परिसर में पार्किंग अभी अलाट नहीं हुई हैए जहां से यात्रियों को उनके वाहन चोरी होने का डर रहता है। जींद डिपो के महाप्रबंधक राहुल जैन ने बताया कि बस स्टैंड परिसर में बड़ी कैंटीन किराये पर चढ़ गई है। एक जून से कैंटीन शुरू हो चुकी है। इससे यात्रियों को खाने.पीने की चीजों के लिए सामान मिल पाएगा।

हरिभूमि

**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

## कलायत शहर में रफ्तार पकड़ेगी विकास की गाड़ी, 1.49 करोड़ के टेंडर जारी

# गली से सड़क तक दिखेगा विकास, सुविधाएं होंगी बेहतर

**पुरानी इमारतों का नवीनीकरण भी कराया जाएगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत



कलायत। टेंडर प्रक्रिया पूरी करते नगर पालिका अभियंता राजेश प्रजापति और वर्क सुपरवाइजर अमित राणा। फोटो :हरिभूमि

कलायत शहर के विकास को नई गति देने के लिए सरकार द्वारा विभिन्न विकास कार्यों के लिए करीब 1 करोड़ 49 लाख के टेंडर जारी किए गए हैं। इन परियोजनाओं के तहत शहर के विभिन्न वार्डों में गलियों का निर्माण, चौपालों और धर्मशाला भवनों का विकास, सार्वजनिक सुविधाओं का विस्तार और नगर पालिका की पुरानी इमारत के नवीनीकरण जैसे कार्य किए जाएंगे।

जारी किए गए टेंडरों में वार्ड नंबर 1 में प्रवीण कांसल के घर से गोपी राम प्रजापति के घर तक गली निर्माण पर 10 लाख खर्च किए जाएंगे। रेबारी चौपाल में पहली मंजिल पर हॉल निर्माण के लिए 25 लाख और बैरागी चौपाल में हॉल निर्माण के लिए भी 25 लाख की राशि निर्धारित की गई है। इसके अलावा जगदेव चौपाल के अधूरे निर्माण कार्यों को पूरा करने के लिए 15 लाख मंजूर किए गए हैं।

शहर के वार्ड नंबर 6 में विनोद के घर से वेदराज के घर तक गली निर्माण कार्य पर 12 लाख खर्च होंगे। नगर पालिका की पुरानी एमसी ऑफिस बिल्डिंग का नवीनीकरण कर उसे सीएफसी के रूप में विकसित करने के लिए 12 लाख का प्रावधान किया गया है। सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर सामुदायिक शौचालयों के निर्माण के लिए 25 लाख और सार्वजनिक शौचालयों के निर्माण के लिए भी 25 लाख की राशि स्वीकृत की गई है।

### विकास कार्यों से बदलेगी शहर की तस्वीर

- पार्षदों ने विकास कार्यों में निगरानी के लिए तय की ठोस रणनीतिः
- शहर के विकास कार्यों को पारदर्शिता एवं गतिशीलता से पूरा करवाने की ठोस रपरेखा
- पार्षदों द्वारा तैयार की गई है। पार्षदों का कहना है कि विकास कार्यों में किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार नहीं होने दिया जाएगा। पार्षद, समाजसेवी संगठन और आम नागरिक मजबूती से विकास कार्यों की निगरानी करेंगे। ताकि विकास कार्यों का बेहतर ढंग से लाभ शहर को मिल सके।

### विकास का नागरिकों को मिलेगा सीधा लाभः कमलेश ढांडा

पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में कलायत विधानसभा क्षेत्र के शहरी और ग्रामीण इलाकों में विकास कार्य लगातार जारी हैं। उन्होंने बताया कि इस नई श्रृंखला के तहत शहर के विभिन्न वार्डों में गलियों, शौचालयों, धर्मशाला भवनों और अन्य जनहित परियोजनाओं पर कार्य शुरू किया जाएगा। जिससे स्थानीय नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा।